



# चलो मिलकर करें नेक काम, यही है सेवा का असली नाम

- बीजेएस ने सेवा स्क्वॉड' का किया सफल आयोजन,
- साधु संतों के गोचरी एवं विहार में निस्वार्थ भाव से सेवा देने वाले जैन बन्धुओं का किया सम्मान



**मन्दसौर।** बीजेएस मंदसौर चैप्टर की प्रेसिडेंट श्वेता पोरवाल ने जानकारी दी की बीजेएस के मंदसौर चैप्टर ने फाउंडेशन प्रोग्राम की श्रृंखला के तेरहवें फाउंडेशन प्रोग्राम 'सेवा स्क्वॉड' का सफलतापूर्वक आयोजन जीवागंज स्थित मूल तपोवन स्थानक मे किया गया। प्रोग्राम की शुरुआत नवकार मंत्र के उच्चारण से की गई।

जिसके तहत संस्था ने जैन साधुसंतो के गोचरी एंड विहार मे हमेशा निस्वार्थ भाव से सेवा देने वाले जैन साधर्मिक बंधुओ डॉ एस एम जैन, राकेश कोचट्टा, दिनेश गरोठवाला, अंजू कोचट्टा, अशोक खाबिया, सुनीता खाबिया, संजय धेलावात, अनिल भंडारी एंड श्रीमती प्रेमलता मिंडा को शाल पहनाकर एंड जैन धर्म के प्रतिक चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया।

श्वेता पोरवाल ने बताया की नए वर्ष की शुरुआत में संगठन द्वारा शुरू किए गए फाउंडेशन प्रोग्राम की श्रृंखला के लिए बीजेएस के संस्थापक श्री शांतिलाल मुथ्या ने देशभर में फैले बीजेएस के सभी चौप्टर्स को सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी।

।संगठन ने अपने कार्यों को ज़मीनी स्तर पर और विस्तृत बनाने के लिए देशभर में फ़ाउंडेशन प्रोग्राम्स की शृंखला शुरू कर दी है, जो हर महीने एक विशेष दिन पर आयोजित किए जाते हैं। 2025 की शुरुआत से ही बीजेएस के शीर्ष नेतृत्व यानी नेशनल प्रेसिडेंट श्री नंदकिशोर सांखला, मैनेजिंग डायरेक्टर कोमल जैन, नेशनल जनरल सेक्रेटरी डॉ. पंकज चौपड़ा, नेशनल हेड-फ़ाउंडेशन प्रोग्राम राजेश जैन खिवसरा, मध्य प्रदेश हेड साशा जैन सहित बीजेएस की संपूर्ण टीम ने इन प्रोग्राम्स को देशभर के कोने-कोने तक ले जाने के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

ये सम्मान समारोह में ग्रुप के सभी मेंटर्स शशि मारू, रेखा रातडिया, हेमा हिंगड,प्रीति जैन, श्रीमती अंगूरबाला पितलिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नरेन्द्र मारू एंड श्रीमती शशि मारू की विवाह सालगिरह भी सभी मेंबर्स के बीच उत्साह के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती स्वाति रिछावरा द्वारा किया गया। प्रोग्राम में नरेंद्र मारू, बीजेएस मेंबर आशा श्रीमाल, ग्रुप के सभी मेंबर्स जमना बाफना, कुसुम पोरवाल, माधुरी खाबिया, निकिता डोसी, स्वरा पोरवाल आदि उपस्थित थे। आभार संस्था के सचिव सुनीता बंडी द्वारा माना गया।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर आदिवासी की भूमि बेचने का आरोप

**भानपुरा।** ग्राम केथुली (गुलाब नगर) निवासी अजीत पिता ठाकुर सिंह भील ने शपथपत्र व लिखित आवेदन देकर भानपुरा थाना प्रभारी को शिकायत सौंपी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांव के कैलाश राणा पिता गोरधन राणा ने उनके पिता ठाकुर सिंह की पुश्तैनी भूमि सर्वे नंबर 619, रकबा 3.9020 हेक्टेयर के दस्तावेजों में हेरफेर कर भूमि को सामान्य वर्ग की बताकर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कर दी।

अजीत भील का कहना है कि कैलाश राणा ने दस्तावेज बदलकर लगभग 1 हेक्टेयर भूमि रामबाबू पिता लालचंद निवासी नादियाखेड़ी (जिला झालावाड़) के नाम बेच दी, जो पूरी तरह अवैधानिक है। आरोप है कि कैलाश राणा खुद को अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास परिषद का जिला अध्यक्ष बताकर प्रशासन को गुमराह करता है और जहां एक ओर आदिवासी भूमि संरक्षण की बात करता है, वहीं दूसरी ओर फर्जी दस्तावेज तैयार कर आदिवासी जमीन बेचने में संलिप्त है। पीड़ित अजीत ने बताया कि उसके परिवार की आजीविका का एकमात्र आधार यही भूमि थी। फर्जी रजिस्ट्री से परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि दस्तावेज तैयार करने में कैलाश राणा की मेल आईडी का उपयोग हुआ, जिससे उसकी भूमिका प्रमाणित होती है। प्रार्थी ने दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने, फर्जी रजिस्ट्री एवं नामांतरण निरस्त करने की मांग की है।

## एक नजर में

### बालिकाओं से छेडछाड़ के आरोपी को भेजा जेल

**पिपलियामण्डी।** दो नाबालिग बालिकाओं से छेडछाड के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिसे कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम पिपलियामंडी पुलिस थाने पर 13 वर्षीय दो नाबालिग बालिकाओं ने शिकायत दर्ज कराई कि मुन्दड़ा कॉलोनी स्थित शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय के बाहर एक युवक ने उनके साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने छेड़छाड़ सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी शिक्षक कॉलोनी निवासी सतीश पिता राजू माली को गिरफ्तार किया। पिपलियामंडी टीआई संदीप मंगोलिया ने बताया आरोपी को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश हुए।

### नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

**मंदसौर।** प्रदेश में 13 दिसम्बर को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने समस्त आयुक्त नगरपालिक निगम और समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद और नगर परिषद के प्रमुख अधिकारियों को पत्र लिखकर लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित प्रकरणों का निराकरण किये जाने के निर्देश जारी किये हैं।

### बाल विवाह रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम



**नीमच।** बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता के 100 दिवसीय अभियान के के तहत श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या विद्यालय नीमच में साइबर सुरक्षा एवं बाल विवाह रोकथाम का कार्यकम आयोजित किया गया कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं को 1098 साइबर हेल्पलाईन नंबर, ऑनलाईन ठगी, एप सेक्युरिटी, सर्तकता और जागरूकता साइबर सेल के बारे में बताया। प्रशिक्षण में श्री विकास अहीर ने चाइल्ड लाईन 1098 के बारे में जानकारी दी। सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास श्री वैभव वैष्णव ने बाल विवाह रोकथाम के लिये कार्य करने एवं बाल विवाह की 181 पर सूचना देने के बारे में बताया। प्रशिक्षण के अंत में परियोजना अधिकारी श्रीमती दीपिका नामदेव ने आभार व्यक्त किया।

### भाटखेड़ा रोड पर तेज रफ्तार कार ने ट्रेलर को मारी टक्कर



**नीमच।** सिटी थाना क्षेत्र के भाटखेड़ा से नीमच की ओर आ रहे ट्रेलर क्रमांक आरजे 01 जीसी 1384 को पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि या चोट नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार पर पार्षद लिखा हुआ था। दुर्घटना के बाद कार चालक ने ट्रेलर चालक से विवाद शुरू कर दिया और बात बढ़ते-बढ़ते मारपीट तक पहुंच गई। थोड़ी ही देर में मौके पर भीड़ जुट गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया। आपसी समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।

# शिवना नदी प्राकट्य स्थान से निकलेगी तीन दिवसीय पदयात्रा

**मंदसौर।** शिवना नदी संरक्षण के लिए लगातार अभियान चला रही टीम एवीएस द्वारा नदी के प्राकट्य स्थान गांव सेवना (राजस्थान) से तीन दिवसीय पदयात्रा का आयोजन 13 से 15 दिसंबर तक किया जाएगा। यह यात्रा इस वर्ष प्राकट्य स्थान पर स्थित हजारों वर्ष पुराने प्राचीन शिव मंदिर के पुनर्निर्माण को समर्पित होगी।

टीम एवीएस के संस्थापक मनीष भावसार ने बताया कि यह यात्रा पर्यावरण संरक्षण और शिवना नदी स्वच्छता के संदेश के साथ निकाली जाएगी। गांव सेवना, जो 100% आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्र है, वहां मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिसके लिए जन सहयोग का आव्हान भी किया जा रहा है।

यात्रा 13 दिसंबर को प्रातः 9 बजे प्राकट्य स्थान से पूजा-अभिषेक के बाद प्रारंभ होगी। यात्रा विभिन्न गांवों—भचूंडला, जीरावता, मोबाखेड़ी, कोटड़ी, होरी हनुमान जी—से होते हुए नांदवेल में रात्रि विश्राम करेगी।

14 दिसंबर को भावगढ़ में शिवना नदी पूजन के बाद यात्रा बनी, करजू, आकूंदा माताजी, नंदावता, करना खेड़ी पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम होगा।

15 दिसंबर को यात्रा जवासिया, डोराना, भालोट, अचेरा, मिर्जापुरा, खिड़की माता होते हुए शाम 6 बजे पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां शिवना मां की आरती के साथ समापन होगा।

टीम एवीएस ने सभी समाजजन से अपील की है कि शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने, पर्यावरण संरक्षण और मंदिर पुनर्निर्माण के इस महायज्ञ में सहभागी बनकर अपनी आहुति प्रदान करें। नदी को स्वच्छ रखना ही उसकी सच्ची पूजा है, इसलिए सभी गांवों में जलस्त्रोत एवं पेड़ों की पूजा कर जनजागरण भी किया जाएगा।

# दलौदा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को दबोचा

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चल रहे प्रदेशव्यापी संपत्ति संबंधी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत दलौदा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी विनोद कुमार मीणा, एएसपी तेर सिंह बघेल व एसडीओपी कीर्ति बघेल के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी उनि शुभम व्यास के नेतृत्व में गठित टीम ने यह सफलता हासिल की। फरियादी की स्प्लेंडर प्लस बाइक (एमपी 14 स्न 7977) दलौदा मंडी रोड से चोरी हो गई थी, जिस पर थाना दलौदा में प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना और तकनीकी साधनों की मदद से आरोपी राजबाबू पिता भगत (उम्र 40 वर्ष), निवासी उन्हेल, जिला झालावाड़ (राजस्थान) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक जब्त कर ली। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी शुभम व्यास एवं दलौदा पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मानवाधिकार जागरुकता ही न्यायपूर्ण समाज का मार्ग प्रशस्त करती है



**पिपलियामण्डी।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया में विशेष व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष डॉ. आर.के. श्रीवास्तव ने कहा कि मानवाधिकार किसी उपहार की तरह नहीं दिए जाते, ये मनुष्य के जन्म से जुड़ी गरिमा और स्वतंत्रता के प्राकृतिक अधिकार हैं। इनकी रक्षा करना विश्व के प्रत्येक देश और नागरिक की जिम्मेदारी है। आप केवल अपने ही नहीं, बल्कि दूसरों के अधिकारों के प्रति भी सजग रहें। मानवाधिकार जागरूकता ही न्यायपूर्ण समाज का मार्ग प्रशस्त करती है। मंचासीन प्रो. निशा जटिया ने कहा कि यदि समाज में संवेदनशीलता और न्याय की भावना विकसित हो जाए, तो अधिकार हनन जैसी परिस्थितियां स्वतः समाप्त हो जाती है। डॉ. चन्द्रकला चौहान ने मानवाधिकारों के सामाजिक व शैक्षणिक महत्व का उल्लेख करते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे सशक्त नागरिक बनने के लिए इन अधिकारों का गहन अध्ययन करें। प्रो. आर.एस. कटारा ने मानवाधिकारों की वर्तमान प्रासंगिकता और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी अहम भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम के प्रभारी प्रो. गोविंद तोमर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय में आयोजित मानवाधिकार संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने के लिए निरंतर ऐसे आयोजन करता रहता है। संचालन डॉ. कन्हैयालाल लोहार ने किया। आभार डॉ. देवीलाल बामनिया ने माना। ममता चौहान, अमित नीमा, राजीव सिंह चौहान, नरेंद्र राठौर, कल्पना देवड़ा, विजय शर्मा, तनिष्का चौधरी, गायत्री शर्मा, बलदेव जाट, कृष्णपालसिंह, मनुजेंद्र शर्मा सहित अनेक प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पुनर्योजी कृषि एवं खाद्य तेल आपूर्ति श्रृंखला पर हितधारक संवाद आयोजित

**कुकड़ेश्वर।** जिला नीमच के मनासा विकासखण्ड के ग्राम धाऊखेड़ी में पुनर्योजी कृषि मॉडल को बढ़ावा देने एवं टिकाऊ खाद्य तेल आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर हितधारक संवाद एवं परामर्श सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सॉलिडरिडाड संस्था द्वारा यूरोपीय संघ के सहयोग से संचालित पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 90 से अधिक किसानों, कृषि विशेषज्ञों, 5 ग्राम सरपंचों तथा विभिन्न हितधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. श्याम सिंह सारंगदेव ने किसानों को मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, जैविक एवं स्थानीय इनपुट के प्रयोग, कार्बन संचयन, रासायनिक इनपुट पर निर्भरता कम करने और जलवायु-स्मार्ट खेती अपनाने के लाभों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने मिट्टी संरक्षण, जल धारण क्षमता में वृद्धि, फसल विविधीकरण, जैविक कीट प्रबंधन एवं पोषण प्रबंधन जैसे विषयों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से चर्चा की। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान कमलाशंकर विश्वकर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में कम लागत में अधिक पैदावार हासिल करना किसानों के लिए बड़ी चुनौती है, ऐसे में पुनर्योजी कृषि मॉडल भविष्य की जरूरतों को पूरा करने वाला एक मजबूत समाधान बनकर उभर रहा है। उन्होंने तिलहनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने, बाजार संपर्क सुधारने, किसानों को संपूर्ण सप्लाई चेन से जोड़ने और मजबूत एफपीओ व किसान समूह विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। संवाद के दौरान किसानों ने कृषि से जुड़ी समस्याओं, फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों तथा तकनीकी आवश्यकता पर खुलकर चर्चा की। किसानों ने प्रशिक्षण में फसल विविधीकरण, जैविक इनपुट निर्माण और नई कृषि तकनीकों को अपनाने में गहरी रुचि दिखाई। सभी प्रतिभागियों ने पुनर्योजी कृषि पद्धतियों को अपने खेतों में अपनाने की सहमति व्यक्त करते हुए बताया कि इससे लागत में कमी, मिट्टी स्वास्थ्य में सुधार और उत्पादकता में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होंगे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को जलवायु-स्मार्ट खेती की दिशा में प्रेरित करना, खाद्य तेल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाना तथा ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हुए किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना और इस सफल आयोजन ने ग्राम स्तर पर पुनर्योजी कृषि को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रखा है।

# बीएसएनएल के प्रकरणों का लोक अदालत में निराकरण करवाएं

**नीमच।** मध्य प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा सभी तहसील एवं जिला न्यायालयों में 13 दिसम्बर 2025 शनिवार को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। लोक अदालत में आपसी समझोते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा । इसी तारतम्य में भारत संचार निगम लिमिटेड, मंदसोर ने भी अपनी राजस्व की लंबित राशि से सम्बंधित लगभग 171 प्रकरणों को नीमच, जावद एवं मनासा न्यायालयों में प्रस्तुत किया है । नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रिलिटिगेशन प्रकरणों के लिए नीमच, जावद एवं मनासा के न्यायालयों में सम्बंधित खंडपीठ के पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा ।

# कई दिनों से बंद देवरान बाईपास का कार्य हुआ पूर्ण, प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण



**नीमच।** नीमच जिले की रामपुरा तहसील के देवरान में रूका हुआ बाईपास निर्माण का कार्य अब पूर्ण हो गया है।

एसडीएम मनासा सुश्री किरण आंजना ने बताया कि रामपुरा तहसीलदार मृगेन्द्र सिसोंदिया, राजस्व निरीक्षक अनुराग पाटीदार एवं पटवारी राहुल पंचारिया, लोक निर्माण विभाग के एस.डी.ओ.श्री नीरज अमलावर और पुलिस टीम के सदस्य हरिसिंह सिसोदिया की सूझबूझ से कई दिनों से बंद पड़ा देवरान गांव का बायपास रोड लगभग 2 माह बाद, फिर सुलह के बाद शुरू भी हुआ और पूरा भी हो गया है । मेंन रोड से मिलने वाला देवरान बायपास रोड़ ग्रामीणों की निजी जमीन से होकर गुजर रहा था। राजस्व टीम रामपुरा की समझाइश के बाद अधूरा पड़ा बाईपास का कार्य फिर शुरू कर पूर्ण किया गया है। कई दिनों से बंद पड़े इस बायपास निर्माण कार्य की वजह से ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा था। यह रोड लगभग 700 मी लंबा वह 5.50 मीटर चौड़ा है। जो देवरान गांव के बीचो-बीच मंदिर के यहां से चचोर देवरान मेंन रोड को जोड़ता है। गांव के बीचो-बीच बाईपास रोड के किनारे पर बने दीवारे बायपास निर्माण में बाधा बन रही थी प्रशासन की टीम ने वहां से अतिक्रमण हटावा दिया है।



# भानपुरा में आपातकालीन डायल 112 वाहन दुर्घटनाग्रस्त, चालक-आरक्षक बाल बाल बचे

**भानपुरा।** थाना भानपुरा में तैनात आधुनिक सुविधाओं से लैस आपातकालीन सेवा डायल 112 का वाहन बीती रात लगभग 1 बजे भवानी मंडी रोड पर खजूरना व खेरखेड़ी गांव के बीच पलटी खा गया। थाना प्रभारी रमेशचंद दांगी ने बताया कि वाहन चालक वीरेंद्र मेहर तेज रफ्तार में गाड़ी चला रहा था, इसी दौरान नियंत्रण खोने से एमपी 04 वाय क्यू 7978 नंबर की गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई।

दुर्घटना के समय वाहन में चालक वीरेंद्र मेहर के साथ आरक्षक तुलसीराम सालवी मौजूद थे। दोनों को कोई गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन वाहन को भारी नुकसान पहुंचा है। चालक ने बताया कि गाड़ी के आगे अचानक रोजड़ा (जानवर) आ जाने से यह हादसा हुआ। गौरतलब है कि यह अत्याधुनिक डायल 112 सेवा पूर्व में चल रही 100, 101 व 108 सेवाओं के स्थान पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 15 अगस्त 2025 को शुरू की गई थी। जीपीएस, बॉडी कैमरा व लाइव लोकेशन ट्रैकिंग जैसी उन्नत सुविधाओं से लैस यह सेवा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में त्वरित पुलिस सहायता प्रदान करने हेतु संचालित की जा रही है।

## एक नजर

### जिला चिकित्सालय में भोजन देने वाले ठेकेदार ने नियमों के विरूद्ध कैंटीन दे दी किराये पर, कलेक्टर से हुई शिकायत

# साल का 21 लाख रूपये का किराया वसूल कर रहा ठेकेदार



**मंदसौर।** सरकारी जमीन पर कब्जा करना और फिर उसे बेच देना यह दो मामले गौल चौराहा और महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड पर अभी हाल ही में सामने आयें है। इससे बड़ा मामला जिला चिकित्सालय परिसर में चल रहा है जिसे जिला चिकित्सालय में विधायक प्रतिनिधि मनोहर नाहटा ने पकड़ा है।

विधायक प्रतिनिधि मनोहर नाहटा ने बताया कि जिला चिकित्सालय में मरीजों के भोजन देने के लिए इंदौर की एक कम्पनी का ठेका चल रहा है जिसमें उक्त कम्पनी द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को भोजन दिया जाता है। जिसका भुगतान जिला चिकित्सालय द्वारा किया जाता है। लेकिन जिला चिकित्सालय परिसर मे एक बड़ा घोटाला हो रहा है जो अब पकड़ में आया है।

नाहटा ने बताया कि जिला चिकित्सालय परिसर में आगे और पीछे कैटीन संचालित हो रही है। यह कैंटीन जिला चिकित्सालय को टेण्डर प्रक्रिया कर किराये पर देना चाहिए जिसे जिला चिकित्सालय की आय हो लेकिन अभी तो उल्टा ही हो रहा है। इंदौर की भोजन देने वाली कम्पनी ने एक लाख 75 हजार रूपये महीने में दोनों कैंटीन किसी अन्य व्यक्ति को किराये पर दे दी है। पहली बात यह ही भोजन देने वाले टेण्डर की शर्तो में कही भी कैंटीन का जिक्र नहीं है। वहीं दूसरी बात यह कि सरकारी जमीन कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को किराये पर कैसे दे सकता है। इसका बकायदा अनुबंध भी हुआ है कम्पनी और उस व्यक्ति में। इस अनुबंध के अनुसार 21 लाख रूपये साल इंदौर की कम्पनी उक्त कैटीन सचांलनकर्ता से वसूल कर रही है।

मजे की बात तो यह है कि जिला चिकित्सालय में बैठने वाले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन ने कभी इस पर कार्यवाही नहीं की। अब इसकी शिकायत विधायक प्रतिनिधि मनोहर नाहटा ने कलेक्टर अदिती गर्ग से की है।